# कार्यालय नगर पालिका छबडा जिला बारां

E Mail ID-npchhabra5@gmail.com Phone No-07452-222025

क्रमांक :—न0पा0छ0/2026/650 दिनांक :— 24/04/26

## Notice Inviting E-Bid

ई—निविदा सूचना संख्या 04/2025—26

नगरपालिका छबड़ा द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के "A""AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई— निविदा पद्यति ये निम्नानुसार ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है संवेदक निविदा प्रपत्र ई—प्रोक्युरमेंट प्रकिया में **www.sppp.rajasthan.gov.in** , ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

- निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाइट से) : 29/04/26 at 6.00 PM
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रासेसिंग शुल्क व तकनीकी बिड के दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि : 12/05/26 upto 2.00 PM
- निविदा की धरोहर राशि, निविदा शुल्क व प्रोसेसिंग शुल्क के मूल डी.डी/बैकर्स चैक/जमा रसीद की प्रति मूल स्टाम्प, ई प्रकॉप सबमीट की प्रति, तकनीकी बिड के अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने की तिथि : 12/05/26 upto 4.00 PM
- निविदा/तकनीकी बिड खोलने की तिथि : 13/05/26
- वितीय खोलने की तिथि : to be announced later On

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) | अमानता राशि | | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2% | 0.5% | | | |
| 1. | एनीकट के नीचे रेणुका नदी पर पाईप कल्वर्ड पुलिया निर्माण कार्य। | 44.00 | 88000 | 22000 | 1000/- | 1000/- | 6 माह |

1 आर.टी.पी.पी. एक्ट 2012 एवं आर.टी.पी.पी. रूल्स 2013 के सभी नियम एवं शर्तें निविदा में लागू होगे।

2 ऑनलाईन निविदा की धरोहर राशि का भुगतान नगर पालिका छबड़ा के खाते मे करवाना होगा जिसकी प्रति निविदा के साथ अपलोड करनी होगी, बैंक खाते का विवरण निम्न प्रकार है—

**Name- Executive Officer Nagar Palika Chhabra**
**Account no – 50100146737691**
**IFSCode- HDFC0004709**

3 निविदा प्रपत्र में दिए गए निर्देशो के अनुसार प्रस्ताव उचित रूप में ऑन—लाईन प्रस्तुत किए जाने है।

4 ई—बोली प्रपत्र दो भागो में है प्रथम भाग तकनिकी बिड है तथा द्वितीय भाग वितीय बिड है बोलीदाता तकनीकी बिड हेतु यह प्रपत्र मय संलग्न व वांछनीय दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करते हुए मय सील e-proc पोर्टल पर अपलोड करनी है। वितीय बिड ऑनलाईन BoQ में ही प्रस्तुत की जानी है। इससे भिन्न रूप में प्रस्तुत प्रस्तावो पर विचार नही किया जाएगा। वितीय दर वाला बिड डाक्यूमेट केवल उन्ही फर्मो का खोला लायेगा। जिन्हे कमेटी द्वारा तकनीकी बिड डाक्यूमेन्ट में योग्य समझा जायेगा।

5 संवदेक को किसी किसी भी राजकीय संस्था विभाग , बोर्ड कारपोरेशन अथवा उपक्रम में वर्तमान में ब्लैक लिस्टेड/डी बार अथवा डिफाल्टर घोषित नही किया जाना चाहिए इस संबंध में 100 रूपये के

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबड़ा (बारां)

नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटेरी से प्रमाणित शपथ पत्र निविदा में तकनीकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है ( शपथ पत्र में निविदा का कार्य संख्या अंकित करना होगा)

6 फर्म नाम एवं पता मय टेलीफोन नम्बर फर्म की स्थिति एकाकी/पार्टनशिप/प्रा.लि/आदि का विवरण संलग्न करना होगा।

7 संवेदक/फर्म को निविदा में तकनीकी बिड प्रपत्र के साथ फर्म का पैनकार्ड नम्बर की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।

8 संवेदक/फर्म को जी.एस.टी विभाग पंजीकृत होना आवश्यक है एवं विभाग द्वारा जारी जी0एसटी सर्टिफिकेट की प्रति निविदा में तकनीकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

9 संवेदक/फर्म को जीएसटी विभाग में नवीनतम जी.एसटी आयकर रिर्टन प्रमाण पत्र की छाया प्रति निविदा में तकनीकी बिड प्रपत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

10 संवेदक को निविदा के तकनीकी बिड प्रपत्र में मागे गये दस्तावेजो की पूर्ती कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मॉगे गये दस्तावेजो की पूर्ति नही किये जाने पर उस फर्म को उस निविदा के लिये असफल माना जावेगा।

11 स्वीकृत निविदाता को निविदा की शर्तो की पूर्ण पालना करनी होगी। शर्तो की अवहेलना गुणवततापूर्वक कार्य नही करने पर तथा विलम्ब पर नियमानुसार कार्यवाही कर नुकसान को वसूलने का नगर पालिका छबडा को पूर्ण अधिकार होगा। ऐसे मामलो में फर्म को निविदा द्वारा कार्यादेश दिये गये जाने तक नगरपालिका छबडा ठेकेदार की रिक्त व कोस्ट के आधार पर किसी अन्य निविदा में भाग लेने वाली फर्म से कार्य कराया जा सकेगा। जिसकी कटौती ठेकेदार से की जावेगी।

12 किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकारी नगरपालिका छबडा को होगा।

13 निविदादाता द्वारा दी जाने वाली दरें सभी कर सहित अंकित करनी होगी / BoQ में भरनी होगी।

14 फर्म के बिलो से नियमानुसार आयकर की कटौती भुगतान करते समय की जायेगी।

15 कार्य की आवश्यकता को देखते हुए दूरभाष पर भी आदेश दिये जा सकेंगे जो ठेकेदार/संवेदक को मान्य होगें।

16 सिविल विवाद की स्थिति में स्थानीय न्यायालय छबडा का ही क्षेत्राधिकार होगा।

17 राज्य सरकार व नगर पालिका छबडा द्वारा समय समय पर जारी आदेश निर्देश मान्य होगें।

18 संतोषजनक कार्य नहीं होने की स्थिति में अनुबंध को किसी भी समय निरस्त किया जा सकता है तथा प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायेगी।

19 यदि किसी निविदा दाता द्वारा टेण्डर की राशि से कम दर भरी जाती है तो सफल निविदा दाता को निदेशालय आदेश क्रमांक प6 (च) (431) (ई–17052 ) स्वी/लेखा/डीएलबी/नागौर/ 2020/ 958 दिनांक 22.10.2024 अनुसार अन्तर राशि (**Additional Performance Security**) 14 दिवस में **BG / FDR / NSC** के रूप में नगर पालिका छबडा में जमा कराए जाने पर कार्यादेश जारी किया जायेगा। कार्य सन्तोषप्रद पूर्ण होने के पश्चात् वापस लौटा दी जावेगी। आदेश संलग्न है।

20 निविदादाता दरों की वैधता अवधि खोले जाने की दिनांक से 90 दिवस तक अनुमोदन हेतु मान्य होगी। तदुपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

21 न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।

22 ई.पी.एफ. एवं ई. एस. आई. विभाग में पंजीकृत संवेदक को ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. रजिस्ट्रेशन की प्रति तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा।

23 संवेदक को राशि 100/– के नॉन– ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी से प्रमाणित इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. से श्रमिकों के भुगतान की ओडिट कराने एवं ई.पी.एफ. एवं ई. एस. आई. के समस्त प्रकार के दायित्वों का निवर्हन एवं नियोजित श्रमिको का ई.पी.एफ. एवं ई.एस.आई. विभाग में जमा कराने का उत्तरदायित्व स्वयं संवेदक का होगा तथा भविष्य में पी. एफ. और ई.एस.आई. विभाग के किसी प्रकार के दायित्व सृजित होते है, तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी का शपथ पत्र तकनिकी बिड के साथ अपलोड करना होगा तथा कार्यालय द्वारा मांगे जाने पर मूल शपथ पत्र उपलब्ध कराना होगा। ( शपथ पत्र में निविदा का कार्य संख्या अंकित करना होगा )

24 तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

25 सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।

26 संवेदक कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होगें एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहायक

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबडा (बारां)

अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता सम्बन्धित वार्ड पार्षद/जनप्रतिनिधि को सूचित करेंगे एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट हेतु सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित करेगें।

27 कार्य की दोष निवारण अवधि कार्य पूर्ण होने के उपरान्त एक वर्ष की होगी।

28 निविदादाता विफल रहा है के मूल्य की निम्नानुसार प्रतिशत के आधार पर वसूली की जावेगी ।

- विहित परिदान कालावधि की एक चौथाई कालावधि तक विलम्ब 2.50 प्रतिशत
- विहित कालावधि से एक चौथाई से अधिक किन्तु आधी से अनाधिक कालावधि तक विलम्ब 5.00 प्रतिशत
- विहित कालावधि के आधे से किन्तु तीन चौथाई तक की कालावधि का विलम्ब 7.50 प्रतिशत
- विहित कालावधि के तीन चौथाई से अधिक की कालावधि का विलम्ब 10.00 प्रतिशत
- निर्धारित नुकसान की अधिकतम रकम 10.00 प्रतिशत

29 कार्य प्रारम्भ से पूर्व संवेदक द्वारा कार्य स्थल पर स्वयं के खर्चे पर आवश्यकतानुसार कार्य की सूचना के बोर्ड लगाने अनिवार्य होगें ।

30 30. संवेदको को निविदा की शर्तों एवं तकनिकी बिड प्रपत्र में मांगे गये दस्तावेज तकनिकी बिड के साथ संलग्न कर अपलोड करना होगा, अनावश्यक दस्तावेज संलग्न करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

नोटः– तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी ।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबडा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबड़ा (बारां)

क्रमांक :– न.पा.छ./निर्माण/2026/ 651-53 दिनांक ::– 24/04/26

प्रतिलिपि सूचनार्थ

1. श्रीमान प्रशासक, महोदय नगर पालिका छबडा।
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका छबडा को भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से पूर्व टेण्डर वेबसाईट पर अपलोड करायें।
3. सुरक्षित पत्रावली, नगर पालिका छबडा ।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबडा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका छबड़ा (बारां)